दैनिक भास्कर
27-Sep-2019
Page 3

# 100 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन



चौपारण | नव भारत जागृति केंद्र बहेरा द्वारा संचालित लोकनायक जय प्रकाश नेत्र चिकित्सालय में मुकुल माधव फाउंडेशन एवं फिनोलेक्स के सौजन्य से निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें मोतियाबिंद के 100 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। लोकनायक जय प्रकाश नेत्र अस्पताल में ऑपरेशन करवाने शिवगंज, आमस, राजाबिगहा एवं चंडीस्थान जिला गया बिहार से मरीज आये थे। मुकुल माधव फाउंडेशन एवं फिनोलेक्स सीनियर सेल्स अजुकेटिभ विजय कुमार सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर कई प्रकार के निःशुल्क शिविर लगवा कर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाता है। मौके पर नव भारत जागृति केंद्र के कार्यक्रम निदेशक गंधर्व गौरव, लोकनायक जय प्रकाश नेत्र अस्पताल प्रबंधक सुजीप अभिषेक बारा, सहायक प्रबंधक करुणा निधि, डॉ आलोक कुमार, सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट विक्रांत कुमार सिंह, अभिषेक सिन्हा, संतोष राम, उज्ज्वल कुमार सहित अस्पताल प्रबंधक के सदस्य उपस्थित थे।